हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 12 जुलाई 2024

12 सफाईकर्मियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन




11 शिविर में 25 विद्यार्थियों व अन्य ने किया रक्तदान



## खबर संक्षेप

### मकान के ताले तोड़कर हजारों का सामान चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव धौलू में एक मकान के ताले तोड़कर वहां से हजारों का सामान चोरी कर लिया। इस बारे मकान मालिक ने भूना पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव धौलू निवासी धर्मेन्द्र ने कहा है कि वह अब परिवार के साथ गुडगांव में रहता है। गत दिवस रात करीब 9 बजे जब वह अपने घर गांव धौलू पहुंचा तो देखा कि मकान पर लगा ताला टूटा हुआ था और घर में सारा सामान बिखरा हुआ था।

### दुकान से चोरों ने हजारों का सामान चुराया

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव लहरियां में बस अड्डे पर स्थित कबाड़ की दुकान में घुसकर हजारों का सामान चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव टिब्बी निवासी रामपाल ने कहा है कि उसकी गांव लहरियां के मेन बस अड्डे पर कबाड़ की दुकान है। गत दिवस वह दुकान को बंद करके घर आ गया था।

### पालिका कार्यालय के बाहर से बाइक चोरी

**रतिया।** आधार कार्ड अपडेट करवाने रतिया नगरपालिका कार्यालय आए एक युवक का बाइक चोरी हो गया। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव सहनाल निवासी बूटा राम ने कहा है कि गत दिवस वह अपने बाइक पर सवार होकर अपना आधार कार्ड अपडेट करवाने के लिए रतिया नगरपालिका के कार्यालय में आया हुआ था। उसने अपने बाइक को दफ्तर के बाहर खड़ा किया और अंदर चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस बाहर आया तो उसने देखा कि वहां से उसका बाइक गायब थी।

### पुलिस ने चोरी की बाइक समेत एक दबोचा

**फतेहाबाद।** भट्टूकलां पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते मोटरसाइकिल चोरी की गुत्थी को सुलझाया। पुलिस ने एक आरोपी को काबू कर उसके कब्जा से चोरी शुदा मोटरसाइकिल को भी किया बरामद। पकडे.गये आरोपी की पहचान सुशील कुमार उर्फ शीला पुत्र हरि सिंह निवासी ढाबी कलां के रूप में हुई है। इस बारे जानकारी देते हुए भट्टूकलां थाना प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि 9 जुलाई को इस बारे मैनपाल पुत्र दलीप सिंह निवासी भट्टूकलां ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी।

### जनसंख्या दिवस पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**भट्टूकलां।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय सूलीखेड़ा में विश्व जनसंख्या दिवस पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राजेश कुमार शास्त्री ने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस का मुख्य उद्देश्य जनसंख्या और उससे संबंधित मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। जनसंख्या हमारे लिए वरदान भी है और अभिशाप भी अर्थात बहुत ज्यादा जनसंख्या होने पर हमारे लिए समस्याएं खड़ी हो जाती हैं। हमारे लिए संसाधन कम पड़ जाते हैं और बहुत कम जनसंख्या होने पर भी समस्याएं खड़ी हो जाती हैं।

### आज मुख्यमंत्री सरपंचों के साथ करेंगे बैठक

# सीएम और सरपंचों के बीच आज समाधान की उम्मीद : सुभाष बराला

**राज्यसभा सांसद ने 178 लोगों को स्वामित्व रजिस्ट्री पत्र व 75 लोगों को दिए लाल डोरा प्रमाण पत्र**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि सरकार लगातार चुने गए प्रतिनिधियों का मान-सम्मान बढ़ा रही है। आज मुख्यमंत्री सरपंचों के साथ मीटिंग करेंगे। उन्हें उम्मीद है कि इस बैठक में जरूर कोई न कोई समाधान निकल आएगा। सुभाष बराला वीरवार को फतेहाबाद डीपीआरसी भवन में मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के तहत प्रदेश स्तरीय रजिस्ट्री वितरण कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बराला ने शहरी क्षेत्र में लाल डोरे के भू-मालिकों को स्वामित्व पत्र एवं मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के तहत जिला के 178 लाभपात्रों को स्वामित्व रजिस्ट्री पत्र और 75 लोगों को लाल डोरा के प्रमाण पत्र सौंपे। पत्रकारों से बातचीत में बराला ने कहा कि सरपंचों को 21 लाख रुपए तक के काम बिना टेंडर कराने की अनुमति दे दी गई है, इसके अलावा भी बहुत सी घोषणाएं की गई हैं, इसलिए कहीं कोई गतिरोध होना नहीं चाहिए। प्रदेश में बढ़ते अपराध पर बोलते हुए बराला ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार अधिकारियों के साथ बैठकें कर रहे हैं और निर्देश दे रहे हैं कि अपराधियों को उनकी भाषा में ही जवाब दिया जाए, कोई अपराधी बचेगा नहीं। उन्होंने कहा कि जिन घरों के लोग जा चुके हैं, उन्हें तो वापस नहीं लाया जा सकता, लेकिन उन्हें विश्वास दिलाते हैं कि अपराधी कानून के शिकंजे से बचेंगे नहीं। इनेलो और बसपा के गठबंधन के सवाल पर बराला ने कहा कि ऐसे गठबंधन पहले भी बहुत हुए हैं, लेकिन यह कभी सिरे नहीं चढ़े, समय आने पर यह टूट जाते हैं, ये दल ऐसा न करें और अपने वोटरों का भी ख्याल रखें। जजपा नेता देवेंद्र बबली द्वारा खुद को आधा भाजपाई बताने के सवाल पर बराला ने कहा कि आधा अधूरा होने से काम नहीं चलता, जहां हो, वहां संपूर्ण समर्पण होना जरूरी है। तभी संपूर्ण कल्याण होता है। जहां आधा अधूरा समर्पण होगा, वहां कल्याण गुंजाइश कम होती है। इससे पूर्व जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बराला ने कहा कि शहरी क्षेत्र में लाल डोरे के भू-मालिकों और मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के तहत जिला में 4 हजार लोगों को लाभ मिलेगा। इन योजनाओं को महत्वपूर्ण और दशकों पुरानी मांग पूरी होने वाली योजना बताते हुए इस समस्या के समाधान से अब नागरिकों को उनकी हक की संपत्ति का मालिकाना हक मिलेगा। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि कल्याणकारी राज्य में लोगों की सुख-सुविधाओं का ख्याल सरकार द्वारा रखा जाता है। सामान्य जीवन में परिवर्तन लाने वाली योजनाएं केंद्र व राज्य सरकार द्वारा लागू की गई है। उन्होंने कहा कि वषार्ें तक किराये पर बैठे व्यापारियों को अब उनका मालिकाना हक मिलेगा। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया कि दशकों पुरानी लोगों की समस्याओं का समाधान किया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में लाल डोरा मुक्त करने का काम पहले पुरा हो चुका है। अब शहरी क्षेत्र के लिए यह योजना लागू की जा रही है। इसके तहत जिला के चार हजार नागरिकों को स्वामित्व प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। आगामी 20 दिनों में सभी लाभपात्र परिवारों को इस योजना का लाभ मिलेगा। फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम व चेयरमैन वेद फुलां ने स्वामित्व योजना को धरातल पर लागू करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह व पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डीएमसी संजय बिश्नोई, नप ईओ राजेंद्र सोनी, सचिव महावीर सिंह, कार्यकारी अभियंता अमित कौशिक, उप प्रधान सविता टूटेजा, राजपाल बैनीवाल, भीम लांबा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।




**फतेहाबाद।** लाल डोरा व स्वामित्व योजना के लाथार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते राज्यसभा सांसद सुभाष बराला। *फोटो : हरिभूमि*



### कुसुंबी में दो भैंसों की करंट से मौत, निगम अधिकारियों को ठहराया जिम्मेदार

**डिंग।** गांव कुसुंबी में गत रात्रि बिजली निगम की 11 हजार वोल्टेज लाइन की आपूर्ति के दौरान तार टूटने से दो भैंसों की करंट लगने से मौत हो गई। गनीमत रही कि उस दौरान कोई व्यक्ति इन तारों की चपेट में नहीं आया। पीड़ित परिवार ने इस घटनाक्रम के लिए बिजली निगम के अधिकारियों की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए जिला प्रशासन से इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग उठाई है, वहीं मुआवजे की मांग भी की है। पीड़ित मांगेराम ने बताया कि हर रोज की तरह बुधवार रात्रि को घर के बाहर वाली साइड में उसने अपने पशुओं को बांधा हुआ था। घर के बिल्कुल पास से गुजरती बिजली विभाग की 11 हजार वोल्टेज लाइन की तारें काफी समय से नीचे लटकी हुईं थी।

## अधिकारियों ने समाधान शिविर में सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

डीएसपी संजय बिश्नोई व तहसीलदार विजय कुमार ने वीरवार को समाधान शिविर में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और अधिकारीयों को मौके पर ही समाधान करवाने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में 10 शिकायतें प्राप्त हुई, उनमें से 6 समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। डीएसपी व तहसीलदार ने समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले आमजन से अपील की है कि वे अपनी समस्याएं लिखकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ आएं, ताकि उनकी समस्याएं हल हो सकें। उन्होंने कहा कि शिविर में नागरिकों की शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान करवाया जाता है। इसके अलावा जो शिकायतें लंबित रह जाती है, उन्हें सम्बंधित विभाग के अधिकारी से जल्द समाधान करवाने के निर्देश दिए जाते है।

## बीएड कॉलेज में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधारोपण

- धरती पर जीनव जीने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पेड़-पौधे लगाने जरूरी : संजय बत्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एनएसएस और ईएसएमसी सैल की ओर से वन महोत्सव सप्ताह के उपलक्ष्य में 'एक पेड़ मां के नाम' सीरीज को आगे बढ़ते हुए आज विशेष पौधारोपण अभियान चलाया गया। एमएम कॉलेज ऑफ एजुकेशन के वाइस प्रेसिडेंट संजय बत्रा ने कॉलेज प्रांगण में पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सभी विद्यार्थियों को पौधे वितरित करते हुए इनको लगाने और इनकी देखभाल करने की बात कही। एनएसएस वॉलिंटियर्स के द्वारा विभिन्न स्थानों पर जाकर लोगों को भी पौधे वितरित किए गये। एमएम कालेज के बाहर आने-जाने वाले राहगिरो को भी मुफ्त पौधे वितरित कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम में शामिल किया गया। यह दौरान लोगों को यह संदेश दिया गया कि हर व्यक्ति अपने घर के प्रांगण में पौधारोपण आवश्यक करे। एनएसएस यूनिट इंचार्ज डॉ. कमला जोशी व ईएसएमसी इंचार्ज सुनीता रानी ने विद्यार्थियों को माँ के साथ मिलकर पौधारोपण करके फोटो खिंचकर मां के नाम पर स्लोगन लिखने के लिए प्रेरित किया।



## कांग्रेस को जीत दिलवाने में अहम रोल अदा करेगी सैलजा की पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

सांसद कुमारी सैलजा द्वारा हरियाणा विधानसभा चुनावों को लेकर प्रदेश के शहरी इलाकों में पदयात्रा निकालने का फैसला लिया है। जुलाई महीने के अंतिम सप्ताह में शुरू होने वाली इस यात्रा को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। रतिया विधानसभा से वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं रिटायर्ड चीफ इंजीनियर दर्शन लाल हांसु के नेतृत्व में कार्यकर्ता जोर-शोर से इस पदयात्रा की तैयारियों में जुट गए है। रतिया पहुंचने पर इस पदयात्रा का कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया जाएगा। पदयात्रा की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक लेने उपरांत वरिष्ठ कांग्रेस नेता दर्शन लाल हांसु ने कहा कि इस पदयात्रा के जरिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व विपक्ष के नेता राहुल गांधी का संदेश हर शहरी मतदाता तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही भाजपा के 10 साल के कुशासन के बारे लोगों को विस्तार से बताया जाएगा। दर्शन लाल हांसु ने कहा कि कांग्रेस सैलजा की यह पदयात्रा शहरी कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरने का काम करेगी और प्रदेश में पूर्ण बहुमत से सत्ता में आएगी। इस पद यात्रा का मुख्य फोकस शहरी विधानसभा क्षेत्र रहेंगे। दर्शन लाल हांसु ने कहा कि शहरी इलाकों में समस्याओं के अंबार हैं। हर तीसरा परिवार प्रॉपर्टी आईडी के भंवर में फंसा है। हर दूसरा परिवार पीपीपी के जंजाल में उलझा है। दुकानदार, व्यापारी रंगदारी मांगने की घटनाओं से खौफ में हैं। जीएसटी ने छोटे दुकानदार का व्यापार चौपट कर दिया है। एक भी शहर ऐसा नहीं है, जिसमें सीवरेज सिस्टम, पेयजल व्यवस्था ठीक हों। पद यात्रा के जरिए इन्हें भाजपा के 10 साल के कार्यकाल के दौरान लिए गए जन विरोधी फैसलों से अवगत कराया जाएगा। इस मौके पर लवप्रीत सिंह हड़ौली, प्रभदास सिंह, मुकेश कुमार, संजय कुमार, धर्मप्रीत सिंह, विजेंद्र सिंह, शेर सिंह, सुरेंद्र सिंह, रवि कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।



**रतिया।** रतिया। कुमारी सैलजा की पदयात्रा की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा करते कांग्रेस नेता दर्शन लाल हांसु। *फोटो : हरिभूमि*

### पूर्व मंत्री ने किया आंखों के निःशुल्क जांच शिविर का शुभारंभ

**टोहाना।** जागो, दिशा सही-सोच नई संगठन की टीम व कैप्टन उमराव सिंह मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा जवाहर गली में छठा निःशुल्क नेत्र जांच के लिए पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक व पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने किया। बबली ने बुजुगार्ें व दिव्यांग के फार्म भरकर इस कार्य कर शुरुआत की, वहीं उन्होंने घर-घर जाकर वार्डवासियों को आंखों के निःशुल्क शिविर के बारे में बताया व पंजीकरण फार्म भरा। पूर्व मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि वह राजनीति में जनसेवा के लिए आए है।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

- शिक्षामंत्री के नाम अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा अपनी मांगों को लेकर आज खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर रोष प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में खंड फतेहाबाद से अनेक शिक्षकों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और नारेबाजी कर रोष जताया। प्रदर्शन की अध्यक्षता खण्ड प्रधान अशोक ने की वहीं संचालन खण्ड सचिव रोहताश कुमार द्वारा किया गया। प्रदर्शन के बाद संघ का प्रतिनिधिमंडल खंड शिक्षा अधिकारी से मिला और उन्हें शिक्षामंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में विशेष तौर पर संघ के राज्य चेयरमैन देवेन्द्र दहिया, राज्य कानूनी सलाहकार दलीप बिश्नोई व जिला प्रधान विकास टुटेजा भी मौजूद रहे। बीईओ को सौंपे मांग पत्र में संघ ने मांग की है कि सामान्य तबादले होने तक सभी स्कूलों में छात्र संख्या के अनुपात में शिक्षकों के समायोजन की शक्तियां जिला स्तर पर दी जाए ताकि शैक्षणिक व्यवस्था उचित बन सके। प्राथमिक विद्यालयों में दाखिले के समय परिवार पहचान पत्र की अनिवार्यता को खत्म कर विद्यालय के दाखिला रजिस्टर के दाखिला नंबर को ही रजिस्ट्रेशन का आधार मान एमआईएस पोर्टल पर बच्चों का एडमिशन किया जाए। न्यू पेंशन स्कीम को खत्म कर ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की जाए। तबादला निति में जोन सिस्टम बहाल करते हुए वरिष्ठता के अंक दिए जाएं। प्राथमिक शिक्षकों के अंतरजिला जिला तबादले व सामान्य तबादले प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए।




**फतेहाबाद।** अधिकारी को ज्ञापन सौंपते प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

## 1.53 करोड़ की चोरी में दूसरा आरोपी भी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ ने 1 करोड़ 53 लाख रुपये के चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान आत्मा सिंह उर्फ अत्तु पुत्र साधा सिंह निवासी बीघड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी के रुपये से खरीदी गई बुलेट मोटरसाइकिल बरामद की है। इस बारे थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने 21 मई 2024 को गुरमीत कौर पत्नी राज सिंह निवासी हिजरावां कलां की शिकायत पर चोरी के आरोप में केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए पहले आरोपी कृष्ण कुमार पुत्र ठाकर सिंह निवासी मढ़ को गिरफ्तार किया गया था। इस बारे जानकारी देते हुए एवीटी स्टाफ प्रभारी रिछपाल सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने गांव हिजरावां कलां में हुई चोरी एक करोड़ 53 लाख रुपये की चोरी के मामले में दूसरे आरोपी आत्मा सिंह उर्फ अत्तु को काबू कर उसके कब्जा से चोरी की पैसों से खरीदा गया बुलेट मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता हासिल की है।

## विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 70 से ज्यादा सीटों के साथ सरकार बनाने जा रही : पुनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव डॉ. विनीत पुनिया के नेतृत्व में भाजपा समेत विभिन्न दलों के नेताओं ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। इस दौरान डॉ. पुनिया ने दावा किया कि प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 70 से ज्यादा सीटों के साथ सरकार बनाने जा रही है। विभिन्न कार्यक्रमों में डॉ. विनीत पुनिया के नेतृत्व में गांव बीघड़ से पूर्व सरपंच जगीर सिंह, पंच जग्गा सिंह, गुरुप्रीत सिंह, जसवंत सिंह, हरदेव सिंह, गुलजार सिंह, प्यारा सिंह, बनगांव से पूर्व सरपंच सुभाष चिरानिया, भगवत दयाल, रूली राम, राममूर्ति, अमन इनानी, शेखपुर से संदीप कुमार, भट्टू मंडी से पंकज कटारिया, गोरखपुर से मंजीत, अनिल लोहट, दिनेश पंडित, खेमचंद, मोची से विजय स्वामी, मताना से अनिल कुमार, ढाणी माजरा से सोनू बिश्नोई, धारणिया से रामकुमार, ढाबी खुर्द से राजेश संधू, सुरेंद्र गुर्जर, कुम्हारिया से गंगा सिंह, ईश्वर सिंह, ढाणी गोपाल से सुरेश बुरड़क ने कांग्रेस में शामिल होने का ऐलान किया। डॉ. पुनिया ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी क्योंकि भाजपा सरकार के दस साल के शासन से लोग त्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि आज लोग कांग्रेस पार्टी को अपना विकल्प देख रहे हैं। इसलिए आए दिन कांग्रेस पार्टी में हजारों लोग शामिल हो रहे हैं।



### 277 लोगों को स्वामित्व रजिस्ट्री पत्र व 58 को दिए लाल डोरा प्रमाण पत्र

# लाभार्थियों को वितरित किए रजिस्ट्री प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शहरी क्षेत्र में लाल डोरे के भू-मालिकों और मुख्यमंत्री शहरी स्वामित्व योजना के तहत वीरवार को स्थानीय चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त आर.के. सिंह ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की और योजना के लाभपात्रों को स्वामित्व रजिस्ट्री पत्र व लाल डोरा के प्रमाण पत्र सौपे। इस अवसर पर जिला के 277 लाभपात्रों को स्वामित्व रजिस्ट्री पत्र और 58 लोगों को लाल डोरा के प्रमाण पत्र सौपे। कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह के मानसेर में आयोजित रा'य स्तरीय समारोह का सीधा प्रसारण किया गया। उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए सरल पोर्टल के माध्यम से योजनाओं को जोड़ रही है। लोगों को घर बैठे या घर के नजदीक इन योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरल पोर्टल माध्यम से जहां अधिकारियों का काम का बोझ कम हुआ है वहीं सीएससी सेंटर के माध्यम से युवाओं को रोजगार मिला है और व्यवस्था में पारदर्शिता आई है। उन्होंने कहा कि सरकार अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को योजनाओं का लाभ अविलंब दे रही है। राज्य सरकार आधुनिक तकनीक के जरिए गांव व शहर का विकास करवा रही है। स्वामित्व योजना ने नागरिकों को उनकी संपत्ति का कानूनी दस्तावेज दिया है। अब ये नागरिक अपनी संपत्ति के मालिक बन चुके हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम बजाज, रतन लाल बामणिया, युवा भाजपा नेता सतीश जग्गा, विकास कालुआना, बुटा सिंह, जिला नगर आयुक्त सुरेंद्र बेनीवाल, डीआईओ सिकंदर, कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद अतर सिंह, मानिका शर्मा, गोपाल विवेक कांडा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



सिरसा। भू-मालिकों को रजिस्ट्री प्रमाण पत्र सौंपते डीसी।

जंतु जगत / शिखर चंद जैन

बच्चों, अगर तुमसे पेड़ों पर रहने वाले जीवों के बारे में पूछा जाए, तो तुम्हारे दिमाग में सबसे पहले पक्षियों का नाम आएगा। लेकिन पक्षियों के अलावा भी कई ऐसे जंतु हैं, जो पेड़ों पर रहना पसंद करते हैं। हम यहां तुम्हें ऐसे ही कुछ अनोखे जंतुओं के बारे में बता रहे हैं।

# पक्षियों की तरह इनको भी भाता है पेड़ों पर रहना

बच्चों, पक्षियों को तो तुम एक पेड़ से दूसरे पेड़ की शाखाओं पर फुदकते देखते ही होगे। तुम यह भी जानते होगे कि अधिकांश पक्षी, पेड़ों के झुरमुटों में ही घोंसला बनाकर रहते हैं। लेकिन इनके अलावा भी दुनिया भर में ऐसे कई जंतु हैं, जो पेड़ों पर ही अधिकतर समय रहते हैं। इनमें से कुछ के बारे में हम यहां बता रहे हैं।

## कोआला यूकेलिप्टस पेड़ पर होते हैं निर्भर



**मूल रूप** से ऑस्ट्रेलिया में पाया जाने वाला कोआला, बेहद क्यूट, किसी खिलौने की तरह दिखता है। आमतौर पर ये दक्षिणी-पूर्वी और पूर्वी ऑस्ट्रेलिया के यूकेलिप्टस पेड़ों के जंगलों में पाए जाते हैं। अपने भोजन के लिए ये पूरी तरह यूकेलिप्टस पेड़ की पत्तियों पर ही निर्भर होते हैं। कोआला बहुत ही आलसी होते हैं। ये दिन में 18 घंटे तक सोते हैं। ये बहुत ही कम पानी पीते हैं। भोजन के साथ-साथ इनकी पानी की जरूरतें भी यूकेलिप्टस की पत्तियों से ही पूरी हो जाती हैं।*

## स्लॉथ हफ्ते में एक बार उतरता है पेड़ से नीचे



**मध्य और** दक्षिणी अमेरिका के ट्रॉपिकल जंगलों में पाया जाने वाला स्लॉथ, अपने नाम के मुताबिक बेहद आलसी और ढीला-ढाला प्राणी है। यह रोजाना 20 घंटे तक सोता रहता है या जागने पर भी बहुत ज्यादा हिलता-डुलता नहीं है। तुम्हें यह जानकर आश्चर्य होगा कि यह सात-आठ दिनों में एक बार ही पेड़ से नीचे उतरता है, बाकी समय यह पेड़ की डाल पर या तो उल्टा लटका रहता है या फिर पेड़ से चिपका रहता है। यह बिना जमीन पर उतरे, एक पेड़ से दूसरे पेड़ तक उनकी शाखाओं के जरिए चला जाता है। जमीन पर चलना इनके लिए बहुत मुश्किल होता है, क्योंकि इन्हें किसी चीज का सहारा लेकर ही हिलने-डुलने और चलने की आदत होती है। *

## ट्री-कंगारू पेड़ों पर लंबी छलांग लगाने में माहिर



**ट्री-कंगारू,** ऑस्ट्रेलियन कंगारू से अलग प्रकार का जंतु है। ये ऑस्ट्रेलियन कंगारू की तरह जमीन पर नहीं कूदते। ये पेड़ों पर तेजी से चढ़ने और पेड़ों से लंबी छलांग लगाने में माहिर होते हैं। इन्हें ऑस्ट्रेलिया और पापुआ न्यू गिनी के वर्षा वनों में देखा जा सकता है। हालांकि ट्री-कंगारुओं की संख्या अब बहुत कम रह गई है। जीव-विज्ञानियों का मानना है कि पहले ट्री-कंगारू भी आम कंगारू की तरह ही जमीन पर रहते थे। लेकिन बाद में इन्होंने पेड़ों पर रहने की आदत अपना ली। *

## टार्सियर घने पेड़ों में रहना करता है पसंद




**टार्सियर को** दुनिया का दूसरा सबसे छोटा 'प्राइमेट' (मानवाकार वानर की एक प्रजाति) माना जाता है। ये फिलिपींस सहित दक्षिण-पूर्वी एशिया के द्वीपों और जंगलों में पाए जाते हैं। इनकी आंखें बहुत बड़ी-बड़ी होती हैं। ये निशाचर, यानी रात में अधिक एक्टिव रहने वाले प्राणी खुद को घने पेड़ों के बीच अधिक सुरक्षित महसूस करते हैं। इसलिए ये अपना ज्यादातर समय घने पत्तों वाले पेड़ों के बीच ही बिताना पसंद करते हैं। एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर छलांग लगाते हुए ये पूरा जंगल घूमते रहते हैं। आराम करते या सोते वक्त पेड़ से गिर ना जाएं, इसके लिए ये अकसर अपनी लंबी पूंछ को पेड़ की शाखा से लपेट लेते हैं। टार्सियर, एकमात्र ऐसे प्राइमेट हैं, जो पूरी तरह मांसभक्षी हैं। *

## स्क्वेरल मंकी खूब करते हैं पेड़ों पर मस्ती



**मध्य और** दक्षिणी अमेरिका के वर्षा वनों में प्यारे-प्यारे स्क्वेरल मंकी (गिलहरी बंदर) को पेड़ों की शाखों पर उछलकूद, मस्ती या आराम करते देखा जा सकता है। नटखट बच्चों जैसे दिखने वाले छोटे आकार के ये अनूठे बंदर, बहुत शरारती होते हैं। दिन हो या रात, इनका ज्यादातर समय पेड़ों पर ही बीतता है। रात के समय ये पेड़ की मोटी शाखाओं पर पेट के बल सो जाते हैं और अपने हाथों से उसे पकड़े रहते हैं। इन्हें काफी स्मार्ट माना जाता है, क्योंकि अन्य बंदर की प्रजातियों की तुलना में इनका ब्रेन, इनकी बॉडी के अनुपात में बड़ा होता है। *

## लेपर्ड पेड़ों पर आराम फरमाना करता है पसंद



**लेपर्ड यानी** तेंदुआ एक मांसाहारी जंगली जंतु है। यह पैंथेरा जीनस यानी बड़ी बिल्ली परिवार का सबसे छोटे आकार का सदस्य होता है। इसे हरे-भरे पेड़ों की शाखों पर आराम करने में बड़ा मजा आता है। यह दिन में ही नहीं रात में भी पेड़ पर ही अधिकतर समय रहता है। यह अपने शिकार का पीछा करते हुए आसानी से पेड़ की ऊंचाइयों तक पहुंच जाता है या फिर पेड़ों के ऊपर छिपकर नीचे अपने शिकार पर नजर रखता है। भारत और चीन समेत मध्य एशिया के कई देशों और अफ्रीका में लेपर्ड बहुतायत में पाए जाते हैं। *

## जीके क्विज-112

1. हाल ही में भारतीय नौसेना की पहली महिला हेलीकॉप्टर पायलट बनने का गौरव किसे हासिल हुआ है?
2. 31 जुलाई को हिंदी के किस प्रसिद्ध लेखक की जयंती मनाते हैं?
3. सात टापुओं का नगर के नाम से किस शहर को जाना जाता है?
4. प्राचीन भारत में मगध साम्राज्य की प्रारंभिक राजधानी कहां थी?
5. इंसुलिन का प्रयोग किस बीमारी के उपचार में होता है?
6. विश्व का सबसे घना जंगल कौन-सा है?
7. सांची के स्तूप किस राज्य में स्थित हैं?
8. 'यक्षगान' किस राज्य का लोक नृत्य है?
9. हल्दी घाटी का युद्ध किस-किस के बीच हुआ था?
10. अरुणाचल प्रदेश की राजधानी का क्या नाम है?



बच्चों, जीके क्विज-112 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-111 का उत्तर :** 1.दक्षिण अफ्रीका, 2.रोहित शर्मा, 3.राजनाथ सिंह, 4.11 जुलाई, 5.4 वर्ष, 6.एम. फातिमा बीबी, 7.सरोजिनी नायडू, 8.आर्कटिक महासागर, 9.यमुना, 10.काला

**जीके क्विज-111 का सही उत्तर देने वाले :** जितेंद्र-बालाघाट, शुभम-बिलासपुर, मानवी मधुकर-बिलासपुर, अजय-कोर्रा, रेणुका धुरंधर-ईमेल से, बिंदा ध्रुव-बलौदा बाजार, कबीर-हिसार, समीर-ईमेल से, आत्रेयन-ईमेल से, रितेश-मटियारी, विशु-मनकी लोरमी, सोनल-रायपुर, आकाश-रोहतक

## हंसगुल्ले



**मोनू :** यार, तुम तो कहते थे, गूगल हर बात की जानकारी दे सकता है, लेकिन ये तो किसी काम का नहीं!
**सोनू :** क्यों, क्या हुआ?
**मोनू :** क्या फायदा इस गूगल का, जो ये भी न बता पाए कि एग्जाम में कौन-कौन से प्रश्न आएंगे?

**-प्रियांश, रोहतक**

**पापा :** गाड़ी का पेट्रोल खत्म हो गया है, अब आगे नहीं जा सकते।
**चिंटू :** कोई बात नहीं पापा! गाड़ी को रिवर्स कर लीजिए, वापस घर चलते हैं।

**-काव्या, रायपुर**

रोहन एक काला और एक सफेद जूता पहनकर स्कूल आया।
**टीचर :** ये क्या है, घर जाओ और जूते बदलकर आओ।
**पप्पू :** कोई फायदा नहीं सर, घर में भी एक काला और एक सफेद जूता ही रखा है।

**-साकेत, दुर्ग**

गुदगुद भालू को जब पता चला कि पेड़ गब्दू हाथी को चोरी-छुपे कहानी सुनाता है तो वह भी मचल उठा कि पेड़ उसे भी कहानी सुनाए। गुदगुद भालू को यह भी जिज्ञासा हुई कि पेड़ इतनी कहानियां लाता कहां से है? पेड़ ने क्या गुदगुद भालू को कहानी सुनाई? क्या यह भी बताया कि वह इतनी कहानियां कैसे सुना लेता है? बच्चों, पढ़ो यह मजेदार कहानी।

# कहानी सुनाने वाला पेड़

कहानी
समीर गांगुली



हालांकि यह मुहावरा उस पर जमता नहीं है, फिर भी गुदगुद भालू समझ गया था कि 'दाल में कुछ काला' है। इसलिए वह एक टीले के पीछे छिपकर कुछ देखने और सुनने की कोशिश कर रहा था। उसने सुना, पेड़ डांटते हुए गब्दू हाथी से कह रहा था, 'भाग जा, नहीं तो अपनी टहनियां झुका-झुका कर तुझे पीटूंगा।' लेकिन गब्दू जो असल में आठ महीने का हाथी का बच्चा था, गर्दन और सूंड को जोर-जोर से हिलाते हुए कहे जा रहा था, 'बस एक.. बस एक... फिर चला जाऊंगा।' पेड़ आज गब्दू से बहुत चिढ़ा हुआ था। चिल्ला-चिल्लाकर कह रहा था, 'सवाल ही नहीं उठता! तू रोज अपनी कान फाड़ू आवाज से मुझे कच्ची नींद से जगा देता है। फिर भी नहीं जागूं तो अपने भारी सिर से मेरे धड़ को ठोक-ठोक कर मुझे उठाता है। मेरे तीन सौ सैंतीस पत्ते गिरा दिए, मुझे घायल कर दिया... और फिर कहता है, तुझे कहानी सुनाऊं। जा, नहीं सुनाऊंगा।' 'ओह, तो ये चक्कर है!' अब गुदगुद भालू टीले की आड़ से एक जासूस की तरह बाहर निकल आया। पेड़ के पास जाकर बोला, 'तो आज तुम रंगे हाथों पकड़े गए।' हालांकि पेड़ के लिए यह मुहावरा भी ठीक नहीं था, क्योंकि पेड़ के तो हाथ होते ही नहीं।

पेड़ अब और ज्यादा परेशान हो गया। अब उसके सामने थे दो छंटे हुए नटखट बदमाश- एक भालू का बच्चा, दूसरा हाथी का बच्चा।

पेड़ ने टालने की खातिर कहा, 'मुझे तुम दोनों के नाम पसंद नहीं। पहले घर जाओ, नहाकर और नाम बदलकर आओ।' गुदगुद भालू अपने दोनों हाथ कमर पर रखकर ऐंठते हुए बोला, 'आज पता चला, तुम्हीं हो कहानी सुनाने वाले पेड़। इस गब्दू छोटे हाथी को छिप-छिप कर कहानी सुनाते हो, मेमनों को भी तुम्हारे आस-पास चक्कर लगाते मैंने देखा है। अब तो मैं भी कहानी सुनकर ही जाऊंगा।' पेड़ उन्हें टालने की गरज से बोला, 'अभी मुझे नींद आ रही है, शाम को आना।' इस बार गब्दू हाथी बोला, 'दिन में सोना अच्छी बात नहीं। चलो, शुरू हो जाओ। शैतान शेर, नहीं तो खौफनाक भूत की कहानी सुनाओ।' गुदगुद भालू ने गब्दू हाथी की बात खत्म होते ही पेड़ से पूछा, 'और पहले ये बताओ, इतनी सारी कहानियां तुम्हें मिलीं कहां से?' पेड़ समझ गया कि अब इन दोनों बदमाशों से पीछा छुड़ाना मुश्किल है, इसलिए वह एक बार जोर से झूमा फिर उसने बताना शुरू किया, 'मेरे नीचे या शाख पर जो भी आकर बैठता है, उसके चौदह पुरखों की कहानियां मेरे सामने आ जाती हैं। रोज ही ना जाने कितने पशु-पक्षी मेरी शाखों पर बैठते हैं या मेरी पत्तियां, फल-फूल खाने के लिए यहां आते हैं। दिन-रात कितने ही भले और बुरे आदमी मेरी छांव में बैठकर सुस्ताते हैं। कई बार रात-बेरात भी आकर बैठ जाते हैं। फिर मेरे सामने उनकी और उनके पुरखों के कारनामों की कहानियां जिंदा होकर प्रकट हो जाती हैं। मैं चुपचाप उन्हें देखता हूं। उनमें से जो कहानियां सुनाने लायक होती हैं, बस किसी-किसी को सुना देता हूं, लेकिन सबको नहीं।'

गुदगुद भालू नकली गुस्सा दिखाते हुए पेड़ से बोला, 'जी तो चाहता है, इसकी सजा दूं तुझे। तेरी दो-चार टहनियां तोड़ दूं ऊपर चढ़कर।' गुदगुद की बातें सुनकर पेड़ हंसते हुए बोला, 'कोशिश करके देखो, तुम्हारा भी वही हाल करूंगा, जो तुम्हारे गुस्सेबाज पिता का किया था। घर जाकर पूछना, धक्का देकर नीचे गिराया था और अपनी टहनियों से तड़ातड़ पीटा था।' गुदगुद भालू पेड़ की बात सुनकर झेंप गया। लेकिन गब्दू हाथी पेड़ की बात सुनकर पहले तो खूब हंसा और फिर हंसते हुए बोला, 'भई, मजा आ गया इस कहानी को सुनकर।' गुदगुद भालू पेड़ के मजाक से अभी तक दुखी और नाराज था। गुदगुद को दुखी देखकर पेड़ को भी दुख हुआ, उसने गुदगुद से कहा, 'अरे, मैंने तो मजाक किया था, तुम हो कि बुरा मान गए! अच्छा चलो, मैं तुम्हारी नाराजगी दूर करने के लिए एक गाना गाता हूं।' फिर पेड़, गुदगुद को मनाने के लिए गाने लगा। यह एक डांस-नंबर था, जिसे सुनकर गुदगुद भालू और गब्दू हाथी दोनों नाचने लगे।

पेड़ को पता था कि उसकी डाल पर कुछ पक्षी और जानवर चुपचाप बैठकर सारी बातें सुन रहे हैं। पेड़ ऊंची आवाज में बोला, 'ऊपर छिपे कौव्वे, सांप, बंदर और तोते भी नीचे आ जाएं, नहीं तो मैं अभी सबके पुरखों की पोल खोलता हूं।'

सबके सब नीचे उतर आए और दोस्तों की तरह एक घेरा बनाकर बैठ गए। बोलने वाले पेड़ ने जंगल के जंतुओं को एक मनोरंजक और शिक्षाप्रद कहानी सुनाई। सब कहानी सुनकर बहुत खुश हुए। *

कविता
गोविंद भारद्वाज



## आई जुलाई

छुट्टियां सकल बीत गईं,
फिर आया माह जुलाई।
हम सभी की विद्यालय में,
जाने की बारी आई।।
कॉपी-पेंसिल संभालो,
बस्ते अब झाड़ो भाई।
फिर से शाला जाने को,
पापा ने बस लगवाई।।
गणवेश सिली शाला की,
मिली एक सुंदर टाई।
जूते, मोजे लिए नए,
विधि पहन-पहन इतराई।।
बेल्ट लगी सुंदर अपनी,
किताबें नई दिलवाई।
स्कूल खुलने की खुशी में,
रीता-गीता इठलाई।

## रंग भरो-154

**रंग भरो-154** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रितेश, मटियारी



प्रगति, बिलासपुर



पृथ्वीराज, बिलासपुर



देवी, रायपुर



सौम्य, बालोद



आतिया, बहादुरगढ़

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, भूमिका-बागबाहरा, दिशांत-महेंद्रगढ़, लावण्या-बेमेतरा, पलक-धमतरी, सक्षम-रायपुर, युक्ति-धमतरी, दिव्या-रायगढ़, हर्ष-रोहतक, भूमिका-दुर्ग, अंचित-सोनीपत, आर्यन-करनाल, अमन-भोपाल, दीपा-बलौदा बाजार, हंसिका-मटियारी

## रंग भरो 155

बच्चों, गर्मी की छुट्टियों के बाद फिर से स्कूल खुल गए हैं। यहां स्कूल जाते हुए बच्चों का चित्र दिया गया है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।




## सही परछाई बताओ

बच्चों, यहां एक खेलते हुए बच्चे का चित्र दिया गया है। इसके बगल में इस चित्र की कई परछाइयां भी हैं। तुम्हें ध्यान से देखकर बताना है कि बच्चे के चित्र की सही परछाई कौन-सी है?




उत्तर: D

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता 14 को

**सिरसा।** जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता 14 जुलाई को हिसार रोड स्थित अजय वाटिका, सिरसा में आयोजत की जाएगी। जानकारी देते हुए जिला कराटे संघ के महासचिव अमरजीत ने बताया कि जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में सब जूनियर कैडेट, जूनियर और सीनियर लड़के और लड़कियों के मुकाबले होंगे। उन्होंने बताया कि जो खिलाड़ी इस जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करेगा, वही खिलाड़ी जिला कराटे संघ की ओर से आगामी 19, 20 व 21 को पानीपत में होने वाली राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेगा।

### मोबाइल स्नेचिंग के दो आरोपी गिरफ्तार

**डबवाली।** गोल बाजार चौकी पुलिस ने मोबाइल स्नैचिंग के एक पुराने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मोबाइल व वारदात में प्रयोग किया गया बाइक बरामद किया है। गोल बाजार पुलिस चौकी प्रभारी जगपाल सिंह ने बताया कि रेखा रानी पत्नी त्रिलोक चंद निवासी मौजगढ़ की शिकायत पर किसी अज्ञात द्वारा उसका मोबाइल छीनकर ले जाने पर मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज व साइबर सेल की सहायता से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### नागरिकों को मिले स्वास्थ्य सुविधाः डॉ. केवी

**डबवाली।** हलका डबवाली के युवा विधायक अमित सिहाग के प्रयासों तथा स्माइल फाउंडेशन के सौजन्य से हलका डबवाली को मिली हाइटेक मेडिकल वैन आज गोदिका व अहमदपुर दारेवाला गांव पहुंची, वहां पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ केवी सिंह ने जांच शिविर की शुरुआत की। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ केवी सिंह ने कहा कि हलका डबवाली के विधायक अमित सिहाग के प्रयासों तथा स्माइल फाऊंडेशन के सौजन्य से यह हाइटेक मेडिकल वैन हमारे हलके को उपलब्ध हो पाई है जिसमें बीपी, शुगर की जांच सहित 75 प्रकार की दवाइयां उपलब्ध रहेंगी और मरीजों को घर द्वार पर इलाज देने का प्रयास किया गया है। तथा हल्का विधायक ने सदैव पॉजिटिव राजनीति की है और राजनीति को वो समाज सेवा का जरिया मानते हैं तथा इसी सोच के तहत उन्होंने इस वैन को हलका डबवाली में लाने का काम किया है

## मानावाली में 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण अभियान के तहत किए पौधे वितरित

# जहां से एक पेड़ कटे, वहां कम से कम दो पेड़ लगाने चाहिए : अनिल कुमार

**जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. रितु भाटिया के मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

आयुष महानिदेशक पंचकूला व जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. रितु भाटिया के मार्गदर्शन में गांव मानावाली में 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। गांव के आयुष्मान आरोग्य मंदिर की आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारती चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प का अनुसरण करते हुए यह अभियान चलाते हुए ग्रामीणों को औषधीय पौधे वितरित किए। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार है, हमारे जीवन में इनका बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। जीवन पर्यन्त एक वृक्ष करोड़ों रुपए की हमें आक्सीजन प्रदान करता है। मानव मात्र के द्वारा छोड़ी गई कार्बन डाइऑक्साइड रूपी जहर को खुद ग्रहण करके पेड़-पौधे मानव मात्र को जीने के लिए जरूरी प्राण शक्ति ऑक्सीजन छोड़ते हैं।

डॉ. भारती ने ग्रामीणों से कहा कि हमें अपनी दिनचर्या में आयुर्वेदिक जीवन शैली को शामिल करके महंगी दवाइयां के अनावश्यक खर्चे से बचना चाहिए। आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट उषा इंदौर ने ग्रामीणों को स्वस्थ दिनचर्या को अपनाने के लिए प्रेरित किया। आयुष योग सहायक अनिल कुमार ने बताया कि आज जिस प्रकार हमारे जलवायु परिवर्तन का चक्र बिगड़ चुका है, उसे हम अपने कर्म योग के अंतर्गत पीएम के संकल्प 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर सही कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें यह निश्चय करना होगा कि जहां से एक पेड़ कटे, वहां कम से कम दो पेड़ लगाने चाहिए। यदि हम हर पर्व, जन्मदिन अथवा अन्य खुशी के पावन अवसरों पर पौधारोपण करने व पौधे उपहार स्वरूप देने की परंपरा शुरू करने का निश्चय करें तो निःसन्देह अल्प समय में ही धरा वृक्षों से हरी-भरी हो जाएगी। प्राकृतिक आपदाओं से मुक्ति तो मिलेगी ही, साथ ही अपार पुण्य एवं मानसिक शांति की भी प्राप्ति होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में भी वृक्षारोपण को अति पुण्यदायी माना गया है। शास्त्रों में लिखा गया है कि एक पेड़ लगाने से एक यज्ञ के बराबर पुण्य मिलता है। पद्म पुराण में तो यहां तक लिखा है कि जलाशय यानि तालाब/बावड़ी के निकट पीपल का पेड़ लगाने से व्यक्ति को सैंकड़ों यज्ञों के बराबर पुण्य की प्राप्ति होती है। केवल इतना ही नहीं भारतीय संस्कृति में एक पेड़ लगाना, सौ गायों का दान देने के समान माना गया है। इस अवसर पर उप स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मी एएनएम सुमन, सरोज देवी, एमपीएच सचिन, विभाग के कर्मचारी राजू व रामधारी सहित आंगनवाड़ी वर्कर, आशा वर्कर व गांव के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** गांव मानावाली में ग्रामीणों को औषधीय पौधे वितरित करते आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. भारती चौहान व अन्य। फोटो : हरिभूमि



**भट्टूकलां।** शेखुपुर दड़ौली स्कूल में पौधारोपण करते सरपंच प्रतिनिधि अमर सिंह भदरेचा व अन्य अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

### पेड़-पौधे लगाने के बाद उनका संरक्षण भी जरूरी : अमर सिंह भदरेचा

**भट्टूकलां।** जिस प्रकार शरीर को पोषण के लिए भोजन की आवश्यकता होती है। उसी प्रकार पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधों की आवश्यकता होती है। पेड़-पौधे पर्यावरण की अशुद्धियों को सोख लेते हैं और हमें शुद्ध प्राणदायिनी वायु देते हैं। इसकी निरंतरता बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए। पेड़-पौधे लगाने के बाद उनका संरक्षण करना भी बहुत अनिवार्य है। यह बात गांव शेखुपुर दड़ौली के सरपंच प्रतिनिधि एवं रिटायर्ड एसडीओ पंचायती राज अमर सिंह भदरेचा ने पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शेखुपुर दड़ौली में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर के दौरान उपस्थित छात्र छात्राओं के समक्ष व्यक्त किए। भदरेचा ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। इनसे पृथ्वी पर तु चक्र बना रहता है। तु चक्र को संतुलित बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना अनिवार्य है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालय में पौधारोपण किया गया तथा पुस्तकालय की साफ सफाई की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य सतवीर सिंह मील ने आए हुए अतिथियों और ग्रामीणों का स्वागत किया। विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान जगदीश मालिया, एनएसएस प्रभारी रमेश चंद्र, कृष्णा भदरेचा, अपार सिंह सहित सभी स्टाफ सदस्य शिविर में मौजूद रहे।



**सिरसा।** चेयरमैन देव कुमार शर्मा को ज्ञापन सौंपते शेरगढ़ के ग्रामीण।

### गांव शेरगढ़ में किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**डबवाली।** गांव शेरगढ़ में अनेक किसानों ने वीरवार को हरियाणा बीज विकास निगम के चेयरमैन देव कुमार शर्मा को एक ज्ञापन सौंपकर जर्जर हालत कस्सी न. 6 का नवनिर्माण करवाकर टेल तक पानी पहुंचाने की मांग उठाई ताकि खेतों में सिंचाई के लिए पूरा पानी मिल सके। देव कुमार शर्मा ने उन्हें जल्द ही उनकी मांग सरकार तक पहुंचाकर समस्या समाधान का विश्वास दिलाया। ज्ञापन में किसानों ने बताया कि गांव शेरगढ़ में कृषि भूमि की नहरी पानी से सिंचाई कस्सी नम्बर 6, डबवाली डिस्ट्रीब्यूटरी से होती है। इसके अतिरिक्त कोई विकल्प नहरी पानी की सिचाई के लिए किसानों के पास नही है। लेकिन इस कस्सी में डबवाली डिस्ट्रीब्यूटरी का नहरी पानी गांव शेरगढ़ की टेल तक नहीं पहुंचता है, जिस कारण से हम किसानो को सिंचाई के लिए पुरा पानी नहीं मिलता। किसानों ने बताया कि इस कस्सी की रिपेयर या रि-मॉडलिंग भी काफी समय से नहीं हुई है। कस्सी बहुत पुरानी बनी होने के कारण, काफी जगह से टूट-फुट गई है और जर्जर हालत में है। इससे करीब 30/35 प्रतिशत पानी की तो लीकेज ही हो जाती है। ऐसे में किसानो को सिंचाई के लिए पूरा पानी नही मिलने के कारण फसल बहुत कम मात्रा में होती है और किसानों को आर्थिक नुकसान झेलना पडता है। इस मौके पर बूटा सिंह भाटी, परविंद्र सिंह, गुरदित्ता सिंह, कर्म सिंह, दर्शन सिंह, गुरजीत सिंह व काफी संख्या में अन्य किसान भी मौजूद थे।

## व्यापारियों की समस्याओं को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

व्यापारियों की समस्याओं को लेकर डीईटीसी के साथ व्यापारियों की बैठक डीईटीसी कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में कई ट्रेड यूनियन के व्यापारियों ने शिरकत की और अपने-अपने ट्रेड में आ रही दिक्कतों के बारे में डीईटीसी अंजू सिंह से खुल कर बात की। जीएसटी को लेकर भी व्यापारियों ने डीईटीसी के साथ खुलकर चर्चा की। डीईटीसी ने हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के जिला चेयरमैन गंगाराम गुप्ता को एक पत्र दिया, जिसमें उन्होंने पीछे के पेंडिंग पड़े जीएसटी के केस जोकि कुल 1630 थे, जिसमें से 1272 केस का फैसला आ चुका है, 318 केस पेंडिंग हैं, जोकि वसूल योग्य नहीं है, जिनका हरियाणा व्यपारी कल्याण बोर्ड, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, हरियाणा व्यापार मंडल द्वारा मुख्यमंत्री से निवेदन कर इनका जुर्माना व ब्याज माफ करके खत्म किया जाए, ताकि व्यापारियों की समस्या खत्म हो।



**सिरसा।** डीईटीसी को समस्याओं के समाधान का पत्र सौंपते हुए व्यापारी।

**ये रहे मौजूद**

इस मीटिंग में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राम नारायण कक्कड़, नत्थुराम, परमानंद, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक दीपक गिरधर, जानु मित्तल, सन्नी बजाज, सीए रितुन साहुवाला विशेष रूप से उपस्थित थे।

### बिजली कर्मचारी 16 जुलाई को सौंपेंगे ज्ञापन

**सिरसा।** बिजली बोर्ड कार्यालय सिरसा में एचएसईबी वर्कर यूनियन सिरसा पदाधिकारियों ने बैठक की, जिसका मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों की लंबित मांगों हेतु आने वाली 16 जुलाई को बिजली मंत्री रणजीत सिंह को ज्ञापन सौंपने की तैयारियों का रहा। सर्किल सचिव सतिंदर मोंगा व सब अर्बन यूनिट सचिव श्याम लाल खोड ने संयुक्त रूप से बताया कि पिछले ल बे समय से बिजली कर्मचारी अपनी जायज मांगों के लिए लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं और अब कर्मचारी सरकार से आरपार की लड़ाई हेतु तैयार हैं और आने वाली 16 जुलाई 2024 को प्रदेश भर से कर्मचारी सिरसा की सड़कों पर विरोध प्रदर्शन करते हुए बिजली मंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे।

## बाढ़ प्रबंधों को लेकर उपायुक्त गंभीर

- बोले-सरपंच अपने गांव के तटबंधों को रखें मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

उपायुक्त आरके सिंह ने बाढ़ प्रबंधों को लेकर पूरी गंभीरता अख्तियार की हुई है। बाढ़ से निपटने के पिछले अनुभव के आधार पर सभी सरपंच बाढ़ से बचाव के प्रबंधों की तैयारी रखें। तैयारी की कड़ी में सरपंच ग्राम सचिव व पटवारी के साथ तालमेल रखें। वे बृहस्पतिवार को स्थानीय पंचायत भवन में घग्घर के पास के गांवों के सरपंचों, ग्राम सचिव व पटवारी के साथ बाढ़ से बचाव प्रबंधों को लेकर बैठक कर रहे थे। इस अवसर पर डीआरओ राजकुमार, डीडीपीओ अनूप सिंह भी उपस्थित थे। उपायुक्त ने कहा कि सरपंच, पटवारी, ग्राम सचिव एक्टिव रहकर घग्गर के तटबंधों पर नजर रखें, कही भी तटबंध टूटने या जलस्तर बढ़ने की आशंका लगती है तो तुरंत प्रशासन के संज्ञान में लाएं। हम सभी को गत वर्ष जिला में आई बाढ़ से हम सभी को बड़ी सीख लेते हुए सभी को सजग रहने की आवश्यकता है ताकि वैसी स्थिति पुनः उत्पन्न न हो।



**सिरसा।** उपायुक्त पंचायत भवन में सरपंचों, ग्राम सचिव व पटवारी की बैठक लेते हुए।



**सिरसा।** मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में मंत्रोच्चारण करते पंडित। फोटो : हरिभूमि

### शक्कर मंदोरी में धूड़नाथ समाधी स्थल पर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू

**चोपटा।** खंड के गांव शक्कर मंदोरी स्थित धूड़ नाथ समाधी स्थल पर में पांच दिवसीय मूर्तियां प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ किया गया है जिसे दिनेश शर्मा, योगेश, रवि, भीम राज भगवान सिंह ने मंत्रोच्चारण के साथ शुरू किया। गांव शक्कर मंदोरी में धूड़ नाथ महाराज की समाधि स्थल पर शनिदेव, गुरु गोरखनाथ, माता शेरावाली और धूड़नाथ महाराज की मूर्तियों की स्थापना को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह है। यह जानकारी देते हुए मुख्य सेवक सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में मूर्तियों का गणेश पूजन, जलाधिवास, अन्नाधिवास, फलाधिवास व घृताधिवास करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह महोत्सव 15 जुलाई तक चलेगा व 15 जुलाई को शनिदेव, गुरु गोरखनाथ, माता शेरावाली और धूड़नाथ महाराज की मूर्तियां स्थापित की जाएगी। महोत्सव में मुकेश कुमार, हवा सिंह, भगतसिंह, जोनी शर्मा, जयनारायण, निहाल सिंह, भूप सिंह औजला,महेंद्र सहारण, दीवान सहारण, सुभाष, सुरेंद्र सहित कई ग्रामीणों ने मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूजा पाठ किया।

### शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान करें अधिकारीः डीसी

**सिरसा।** उपायुक्त आरके सिंह ने वीरवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई की। इस अवसर पर 72 नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखी, जिनमें अधिकतर समस्याएं परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, पेशन, नगर परिषद, पुलिस विभाग, सिंचाई विभाग व जनस्वास्थ्य विभाग से संबंधित थी। उपायुक्त ने बड़ी गंभीरता के साथ नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई की और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी जनसमस्याओं के समाधान को लेकर संवेदनशीलता से कार्य करें और नागरिकों को सरकारी कार्यालयों में ज्यादा चक्कर न लगवाएं व उनकी समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान करें। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर नागरिकों व प्रशासन के बीच बेहतर संबंध बनाने में कारगर साबित हो रहे हैं। नागरिक बेझिझक अपनी समस्याओं को लेकर शिविर में पहुंच रहे हैं जिससे प्रशासन को नागरिकों की समस्याओं का पता लग रहा है और उनका समाधान किया जा रहा है।

## जनसंख्या दिवस पर निकाली रैली

- सरकार ने परिवार नियोजन के लिए दंपती को दी जाती प्रोत्साहन राशि : डा. महेंद्र भादू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा सरकार के द्वारा जनसंख्या नियंत्रण को लेकर दूसरा जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा 11 जुलाई से 24 जुलाई तक मनाया जा रहा है, जिसमें सिरसा के सभी सरकारी अस्पतालों में नलबंदी और नसबंदी के ऑपरेशन शिविर लगाकर किए जाएंगे। राजकीय एएनम प्रशिक्षण स्कूल की छात्राओं के द्वारा जागरूकता रैली निकली गई। इस रैली को डॉ. महेन्द्र भादू सिविल सर्जन सिरसा के द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। छात्राओं ने जेजे कॉलोनी में विश्व जनसंख्या दिवस के नारे लगाते हुए आमजन को जागरूक किया और कॉउंसलर के द्वारा आमजन को पंपलेट्स वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि विश्व जनसंख्या दिवस मनाने का उद्देश्य बढ़ती जनसंख्या के विकास और पर्यावरणीय मुद्दों पर प्रकाश डालता है। जनसंख्या बढ़ने से सकारात्मक कम नकारात्मक प्रभाव ज्यादा देखने को मिल रहे हैं, जिसके बारे में लोगों को बताने का प्रयास किया जाता है। इस दिन लैंगिक समानता, प्रजनन स्वास्थ्य और परिवार नियोजन के बारे में लोगों को शिक्षित किया जाता है।



**सिरसा।** जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते सीएमओ डॉ. एमके भादू।

### डियर सिरसा संस्था ने शहर में चलाया पौधरोपण अभियान

**सिरसा।** सामाजिक संस्था डियर सिरसा के संस्थापक सीए दरवेश स्वामी ने बुधवार शाम को 5100 पौधरोपण अभियान के तहत निःशुल्क पौधों का लंगर लगाया, जिसमें शहर के लोगों ने निःशुल्क 1000 पौधे प्राप्त किये तथा इनको संभालने का जिम्मा उठाया। सीए दरवेश स्वामी द्वारा संचालित डियर सिरसा के पर्यावरण के प्रति इस अनूठे प्रयास से खूब सराहना हो रही है। सीए दरवेश स्वामी ने सोशल मीडिया के माध्यम से जून 2024 में लोगों को 5100 पौधरोपण अभियान की जानकारी दी थी तथा इस अभियान से जुड़ने की अपील भी की थी। अभियान के अंतर्गत बुधवार को लगभग 1000 पौधों का वितरण किया गया था। पौधों में मुख्यतः नीम, पीपल, जामुन, बरगद, आंवला जैसे छायादार वृक्षों वाले पौधे थे। वितरण कार्यक्रम शहर के बस स्टैंड के सामने नेशनल कॉलेज से शुरू हुआ तथा वहां से होता हुआ अंबेडकर चौक, सांगवान चौक, सरदार चौक, सुभाष चौक, परशुराम चौक तक पहुंचा। स्थानीय निवासियों ने इस कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाने के लिए अपनी भागीदारी बढ़ाई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मनुष्य द्वारा पर्यावरण को हुए नुकसान की भरपाई करना है।

## डबवाली जिला बनाओ अभियान चलाया जाएगा

- बैठक में पहुंचे सामाजिक प्रतिनिधियों ने रणनीति पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

डबवाली को जिला बनाने का अभियान डबवाली जिला बनाओ अभियान समिति के अंतर्गत आगे बढ़ाया जाएगा। इसको लेकर श्री गौशाला के संत निवास में हुई बैठक में पहुंचे विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने यह निर्णय लेते हुए डबवाली को जिला मुहिम को गति देने की रणनीति तैयार की। बैठक में समाजसेवी सतपाल जग्गा, संजीव शाद, सुरेंद्र सिंगला, विजयंत शर्मा, विपिन मोंगा, विनोद बांसल, वेद भारती, नरेश सेठी, राजेश जैन काला, सोनू बजाज, एडवोकेट गुरदित्त कुमार, सुखवंत सिंह चीमा, परमजीत कोचर, गुरदीप कामरा, पवन गार्गी, प्यारे लाल सेठी, शाम लाल जिंदल, सीएम जग्गा, वेद भारती, रवि बिश्नोई, नरेश शर्मा, यशपाल गर्ग, ओमप्रकाश सिंगला, मोहन लाल कौशिक, बलजिंद्र बांसल सहित विभिन्न संस्थाओं के अन्य प्रतिनिधि शामिल हुए। डबवाली को जिला बनाने की मुहिम को सभी ने एकजुटता से तेज करने का फैसला लेते हुए कोर कमेटी में सभी सक्त्रिय संस्थाओं के प्रतिनिधियों को शामिल करने का निर्णय लिया।

## रेडक्रॉस सोसायटी कार्यालय में शिविर का आयोजन

# 25 विद्यार्थियों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा के महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल के जन्मदिवस पर वीरवार को जिला रेडक्रॉस सोसायटी कार्यालय में जेआरसी टीम द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 25 विद्यार्थियों व अन्य लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव रामजी लाल ने कहा कि रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं है। उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस के महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल के दिशा निर्देशानुसार व उपायुक्त राहुल नरवाल के मार्गदर्शन जिला रेडक्रॉस सोसायटी जरूरतमंदों की सहायतार्थ रक्तदान शिविर, जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर, यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर, प्राथमिक सहायता एवं गृह परिचर्या प्रशिक्षण, दिव्यांगजन की सहायतार्थ कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण शिविरों का आयोजन आदि अनेक कार्य कर रही है।



फतेहाबाद। जिला रेडक्रॉस सोसायटी कार्यालय में आयोजित स्वैच्छिक शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता। फोटो : हरिभूमि

### एक रक्तदाता बचाता है तीन जिंदगियां

इस पावन पर्व पर जिन रक्तदाताओं ने रक्तदान किया उनको जेआरसी टीम द्वारा बताया गया कि रक्त देने से शरीर के ऊपर कोई विपरित असर नहीं होता बल्कि उसका स्वास्थ्य और सही रहता है। एक रक्तदाता तीन जिंदगियों की जान बचाता है। हमें अपने जन्मदिवस या अन्य शुभ अवसरों व कार्यक्रमों पर रक्तदान शिविर का आयोजन करके जरूरतमंद व्यक्तियों को रक्त उपलब्ध करवाकर उनका जीवन बचाने हेतू प्रयास करना चाहिए। इसके साथ ही हमें अपने परिवार, दोस्तों, रिश्तेदारों, सहयोगियों और जनता को नियमित, स्वैच्छिक रक्तदान के बारे में जागरूक करना चाहिए। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के उपाधीक्षक सुरेंद्र चुघ, राजीव भाटिया, जूनियर रेडक्रॉस शिक्षा विभाग से जिला नोडल कृष्ण कुक्कड़, प्राथमिक सहायता प्रवक्ता अंजु रानी, जेआरसी काउंसलर रमेश कंबोज सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही।

**सूचना**

मैं, राम चन्द्र पुत्र धनी राम निवासी गांव धांगड़ तहसील व जिला फतेहाबाद बयान करता हूं कि मेरा लड़का कुलदीप व उसकी पत्नी पूजा रानी दोनों मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। मैं इन्हें अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनके द्वारा किया गया लेन-देन व अच्छे-बुरे कार्य के लिए वे स्वयं जिम्मेवार होंगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार का इनके साथ कोई ताल्लुक वा वास्ता नहीं रहा है।

**सूचना**

मैं, इन्दु बाला पत्नी स्व. भारत भूषण निवासी जाखल मण्डी तहसील टोहाना जिला फतेहाबाद बयान करती हूं कि मेरा लड़का रोहित सपड़ा मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए लेन-देन व अच्छे-बुरे कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### अलग-अलग स्थानों से दो मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** जिला में अलग-अलग स्थानों से चोर दो मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में पहले मामले में गांव रंगड़ीखेड़ा निवासी मनप्रीत सिंह ने बताया कि बीती 9 जुलाई की सुबह वह सरस्वती माता मंदिर में माथा टेकने के लिए गया था। इसी दौरान मंदिर के बाहर से कोई उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ले गया। दूसरे मामले में ऐलनाबाद के वार्ड नंबर 4 निवासी सुखदीप सिंह की भी बाइक चोरी हो गई।

### जमानत के लिए दिए फर्जी दस्तावेज, केस दर्ज

**सिरसा।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने न्यायालय रीडर की शिकायत के आधार पर आरोपी संगीता रानी पत्नी गोरा सिंह निवासी प्रेमनगर, वार्ड नंबर 7 मंडी डबवाली और कृष्णा रानी पत्नी अशोक कुमार निवासी मुक्तसर पंजाब के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस को दिए शिकायत पत्र में रीडर डॉ. अशोक कुमार आरईएमपी संख्या 532/2023 का एक मामला एएसजे सिरसा की अदालत में विचाराधीन था।

### चोरों ने किया फैक्ट्री के चौकीदार पर हमला

**सिरसा।** शहर से सटे गांव खाजाखेड़ा में स्थित आशीर्वाद सोहस फैक्ट्री में रात्रि को चोरी के इरादे से चोर घुस गए, लेकिन चौकीदार की बहादुरी से आरोपी वारदात को अंजाम नहीं दे पाए। हालांकि आरोपियों ने चौकीदार के विरोध करने पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया और मौके से भाग गए। पुलिस को दी शिकायत में रामजीलाल ने बताया कि उसकी खाजाखेड़ा में फैक्ट्री है। देर रात्रि को कुछ युवक चोरी के इरादे से फैक्ट्री में घुस गए। इसी दौरान चौकीदार की आंख खुल गई और उसने एक युवक को पकड़ लिया।

### मोबाइल शॉप में चोरी के दोनों आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** रानियां थाना पुलिस ने बीती 6 जून की रात को गांव खारियां के बस स्टेंड पर स्थित मोबाइल शॉप से मोबाइल, इयरफोन तथा घड़ियां आदि सामान चुराने के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रानियां थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान भीमसेन व जगीर ढाणी प्रताप सिंह जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों की निशानदेही पर चोरीशुदा 11 मोबाइल फोन, 4 घड़ियां तथा अन्य सामान बरामद हुआ।

### सत्यवान शहर थाना प्रभारी नियुक्त

**सिरसा।** सब इंस्पेक्टर सत्यवान शहर थाना का प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि शहर थाना प्रभारी राजाराम को नाथूसरी चौपटा लगाया गया है। सत्यवान इससे पूर्व कालांवाली, शहर डबवाली, शहर सिरसा तथा नाथूसरी चौपटा में बतौर थाना प्रभारी रह चुके हैं। शहर सिरसा थाना प्रभारी का कार्यभार संभालने उपरांत सब इंस्पेक्टर सत्यवान ने बताया कि फरियाद लेकर आने वाले पीड़ितों की शीघ्र सुनवाई कर उसे न्याय दिलवाना पहली प्राथमिकता रहेगी। इस मौके पर स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## मानदेय में मामूली वृद्धि करने पर रोष जताया

# सफाई कर्मचारियों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

कर्मचारियों ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




फतेहाबाद। डीसी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

मुख्यमंत्री द्वारा 2 जुलाई को सफाई कर्मियों के मानदेय में की गई 1000 रुपये की मामूली बढ़ोतरी से ग्रामीण सफाई कर्मचारियों में भारी आक्रोश में हैं। इस बढ़ोतरी को नाकाफी करार देते हुए ग्रामीण सफाई कर्मियों ने अपने आंदोलन को तेज कर दिया है। इसी कड़ी में आज जिलाभर के सैंकड़ों सफाई कर्मियों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांग पत्र भेजा। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला प्रधान बलबीर सिंह ने किया व संचालन सीटू नेता बेगराज ने किया। सफाई कर्मियों को सम्बोधित करते हुए यूनियन के जिला प्रधान बलबीर सिंह, वरिष्ठ उपप्रधान सुनील कुमार, सचिव बेगराज व कोषाध्यक्ष हरपाल सिंह ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार सफाई कर्मियों के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रही है। 17 साल से कच्ची नौकरी की मार झेल रहे सफाई कर्मियों को इस विधान सभा चुनाव से पहले पक्के होने की उम्मीद थी, लेकिन भाजपा सरकार ने सफाई कर्मियों को पक्का करने की बजाय केवल 1000 रुपये की मामूली सी बढ़ोतरी करके जले पर नमक छिड़कने का काम किया है। सरकार ने सफाई कर्मचारी पोर्टल बनाने की घोषणा करते हुए अपनी मंशा साफ कर दी है कि यह सफाई कर्मचारी आगे भी पक्के नहीं होंगें और जीवनभर कच्ची नौकरी की मार झेलते रहेंगे। यूनियन नेताओं ने कहा कि 29 नवम्बर को विकास एवं पंचायत विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव के साथ शहरी कच्चे सफाई कर्मियों के बराबर वेतन देने, वेतन में सालाना 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने तथा रिटायर होने पर 2 लाख रुपये एक मुश्त सहायता देने की बनी सहमति को लागू ना करके हरियाणा सरकार ने वायदा खिलाफी की है। हरियाणा सरकार के इस रुख से बिल्कुल साफ हो चुका है कि भाजपा और उसके नेता घोर दलित विरोधी और सफाई कर्मचारी विरोधी है। ऑनलाइन हाजरी थौंपकर सफाई कर्मियों को हमेशा के लिए गुलामी और बेगार की दलदल में धकेलने की साजिश रची जा रही है। यूनियन ने कहा कि अब हरियाणा के 11 हाजर ग्रामीण सफाई कर्मचारी चुप नहीं बैठेंगे और इस नाइंसाफी और शोषण के खिलाफ प्रदेश भर में आंदोलन का बिगुल बजाकर आंदोलन को तेज करेंगे। 12 से 17 जुलाई तक काली पट्टी और बैज लगाते हुए ब्लॉक स्तर पर सरकार की शवयात्रा/पुतलादहन करके विरोध सप्ताह मनाया जाएगा। आज के प्रदर्शन को अनिल कुमार बोस्ती, हरपाल सिंह, दर्शन सिंह, गुरदास सहित अन्य मौजूद रहे।



### यूनियन ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**फतेहाबाद।** जिलेभर के सैंकड़ों मजदूरों और कर्मचारियों ने आज अपनी मांगों को लेकर सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स के आह्वान पर जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान मजदूरों व कर्मचारियों ने जहां जमकर नारेबाजी की वहीं डीडीपीओ को मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र भी सौंपा। प्रदर्शन से पहले तमाम मजदूर व कर्मचारी फतेहाबाद की सब्जी मंडी में इकट्ठे हुए और जनसभा की गई। सभा की अध्यक्षता सीटू के जिला अध्यक्ष जगीर सिंह ने की व संचालन सचिव ओमप्रकाश अनेजा ने। सीटू राज्य महासचिव जय भगवान ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए बताया कि भाजपा सरकार मजदूर, कर्मचारी और किसान विरोधी है। यूनियन की मुख्य मांगों में मजदूर विरोधी चारों लेबर कोड्स को रद्द करो। ड्राइवरों के विरोध में बनाया गया काला कानून वापस हो। रा'य में न्यूनतम वेतन संशोधित करो। सरकारी विभागों में कार्यरत सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। न्यूनतम वेतन 26 हजार लागू हो। सफाई कर्मचारी पर लादी जा रही बेगार और ऑनलाइन हाजिरी बंद हो। सभी निर्माण मजदूरों का पंजीकरण होना चाहिए व उनको समय पर सुविधाएं दिए जाएं। यूनियनों की 90 दिनों की वेरिफिकेशन को बहाल किया जाए। सरकारी विभागों और निजी क्षेत्र में ठेका प्रथा समाप्त कर समान काम, समान वेतन दिया जाए। पुरानी पेंशन लागू हो और सभी श्रमिकों को गुजारे लायक 10 हजार न्यूनतम पेंशन दी जाए। प्रदर्शन को सीटू जिला कोषाध्यक्ष बेगराज, भवन निर्माण कामगार यूनियन के जिला प्रधान जगीर सिंह, मिड डे मील यूनियन से जिला प्रधान गगनदीप, आशा वर्कर जिला प्रधान शीला शकरपुरा, ग्रामीण सफाई कर्मचारी प्रधान बलबीर सहित अन्य मौजूद रहे।

## अजय और दुष्यंत 17 को कार्यकर्ताओं में भरेंगे जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



जतिन खिलेरी।

हरियाणा विधानसभा चुनावों को लेकर जननायक जनता पार्टी जोर-शोर से तैयारियों में जुटी है। जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय चौटाला एवं पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला प्रदेश के सभी जिलों में जाकर कार्यकर्ताओं में जोर भरने का काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में डॉ. अजय चौटाला व दुष्यंत चौटाला 17 जुलाई को 3 बजे फतेहाबाद की जाट धर्मशाला में जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करेंगे और विधानसभा चुनावों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। यह जानकारी देते हुए जेजेपी के प्रदेश प्रवक्ता जतिन खिलेरी ने बताया कि पिछले विधानसभा चुनावों में जेजेपी ने पहली बार मैदान में उतरते ही जनसमर्थन हासिल किया और 10 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस बार के विधानसभा चुनावों में भी जेजेपी जनता के सहयोग से रिकार्ड सीटों पर जीत दर्ज करेगी और प्रदेश में सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि जेजेपी के पास मेहनती कार्यकर्ताओं की फौज है।

## प्रदेश में अपराधियों के हौंसले बुलंद: दिग्विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जननायक जनता पार्टी के प्रदेश के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने हांसी में जेजेपी नेता रविंद्र सैनी की हमलावरों द्वारा की गई हत्या की कड़े शब्दों में आलोचना करते हुए प्रदेश सरकार पर निशानिया सवाल लगाए हैं। दिग्विजय चौटाला ने जारी बयान में कहा कि हांसी में हुई इस हत्या के चलते क्षेत्रवासी खौफ जीने को विवश हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से प्रमाणित होता है कि हरियाणा में अपराधियों के हौंसलें बुलंद हैं जिसके चलते ये भी कहा जा सकता है कि सरकार की कानून व्यवस्था पर कोई पकड़ नहीं है। उन्होंने कहा कि हांसी में हुई इस घटना से आमजन में ये भाव पैदा हो गया है कि आज कोई भी व्यक्ति स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा जो शासन की विफलता को प्रमाणित करता है। उन्होंने कहा कि हांसी के व्यापारियों की मांग है कि सरकार हत्यारोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करे और मृतक के परिजनों को एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता के साथ-साथ परिवार में किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जानी चाहिए। चौटाला ने कहा कि जेजेपी व्यापारियों की इस मांग के समर्थन में है।

## डीएवी स्कूल के दीपम मदान बने सीए

- 2020 में दिल्ली के मोतीलाल नेहरू कॉलेज से बीकॉम प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक सीए की परीक्षा पास कर फतेहाबाद के युवा दीपम मदान ने अपने माता-पिता के सपने को साकार करने का काम किया है। आज जैसे ही सीए की परीक्षा का परिणाम आया और दीपम मदान के परिजनों को पता चला कि उनका बेटा सीए बन गया है तो परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। शहर के प्रमुख व्यवसायी एवं समाजसेवी मुरारी मदान के पुत्र दीपम मदान को मिली इस सफलता से पूरा परिवार स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

सीए परीक्षा पास करने के बाद अपनी खुशी जाहिर करते हुए दीपम मदान ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों द्वारा की गई बड़ी मेहनत व उनकी प्रेरणा तथा अपनी माता रिम्पल मदान, पिता मुरारी मदान व भाई निशांत मदान के सहयोग को बताया। दीपम ने कहा कि सीए बनना उनका सपना था। उन्होंने सीए बनने के अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की और आज उन्हें उनकी मेहनत का फल मिला है। दीपम ने बताया कि 2015 में दसवीं करने के बाद ही उन्होंने सीए बनने की ठान ली थी। इसको लेकर उन्होंने वर्ष 2017 में एसबीपी डीएवी स्कूल फतेहाबाद से 96 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इसके बाद उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी में बीकॉम में दाखिला ले लिया। वहां उन्होंने सीए के अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए दिन-रात मेहनत की और 2020 में दिल्ली के मोतीलाल नेहरू कॉलेज से बीकॉम प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की।



दीपम मदान।

दीपम मदान ने कहा कि सीए की परीक्षा को लेकर वे अनेक सीए से मिले और उनकी गाइडेंस ली। आज सीए परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही उनका सीए बनने का उनका व उनके माता-पिता सपना साकार हो गया है।

## क्रेसण्ट स्कूल में जनसंख्या दिवस पर कार्यक्रम

- इच्छा, तनवी एवं हुनरमीत के मंच संचालन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

क्रेसण्ट पब्लिक स्कूल में विश्व जनसंख्या दिवस पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। छात्रा इच्छा, तनवी एवं हुनरमीत के मंच संचालन में विभिन्न विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न संदभार् में जनसंख्या वृद्धि और उसके प्रभावों पर चर्चा की गई। धुरव, हर्षित एवं बुलंद ने अपने सुविचारों के माध्यम से जनसंख्या वृद्धि से बढ़ रही समस्याओं का वर्णन किया। साक्षी एवं हर्षित कुमार ने अपने सुव्याख्यान के द्वारा जनसंख्या वृद्धि के कारणों पर प्रकाश डाला। छात्र प्रियांक ने जनसंख्या वृद्धि पर रोक लगाओ, सबको तुम जागरूक बनाओ तथा छात्रा गिरिशा ने पूरी दुनिया में बढ़ रही जनसंख्या, पैदा कर रही अनगिनत समस्या कविताओं का सस्वर वाचन किया। खुशबू व हर्षिता एवं हर्ष ने विश्व जनसंख्या से संबंधित सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछकर उपस्थित सभी विद्यार्थियों के ज्ञान को परखा।

जपजोत, पर्व, पूर्व एवं हार्दिक ने 'हेल्दी फैमिली, हेल्दी प्लेनेट' तथा 'से नो टू ओवर पोपूलेशन' आदि स्लोगनस् के माध्यम से विश्व जनसंख्या को दर्शाया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या पूनम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जनसंख्या विकास में शिक्षा की भूमिका के महत्व के बारे में बताया तथा साथ ही जनसंख्या पर अंकुश लगाने वाले पहलुओं का वर्णन किया ताकि आने वाली पीढ़ियाँ उपलब्ध संसाधनों के उपयोग को अनुकूलित करने में सक्षम हो सकें।




फतेहाबाद। क्रेसण्ट स्कूल में विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## प्राथमिक शिक्षक संघ ने सीएम को भेजा मांग पत्र

- डिटिजल बोर्ड व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढ़ा

हरियाणा प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्राथमिक स्कूलों की जरूरी मांगों बारे मुख्यमंत्री के नाम एक मांगपत्र खंड शिक्षा आधिकारी विनोद कुमार के माध्यम से भेजा गया। ज्ञापन के जरिये मांग की गई है कि प्रत्येक प्राथमिक विद्यालम में डिजिटल बोर्ड उपलब्ध करवाया जाए, प्रत्येक विद्यालय में कंप्यूटर टीचर, पार्ट टाईम स्वीपर व चौकीदार की व्यवस्था करवाई जाए। मेडिकल बिल का भुगतान सही समय पर किया जाए, एमडीएम वर्कर्स, पार्ट टाइम स्वीपर व चौकीदार की व्यवस्था की जाए और उनका वेतन हर मास खाते में डाला जाए। बाल वाटिका 3 के सभी 4 वर्ष तक के छात्रों का दाखिला करने हेतु पत्र जारी किया जाए। इस अवसर पर प्रधान कुलवन्त सिंह, जगदीश सिह, सतीशकुमार, संजीव कुमार, कृष्ण कुमार, हरभजन सिंह, रवि नन्दन, छिदर पाल, रमेशचन्द्र, कुलविन्द्र सिंह, कुलदीप सिंह, मुकेश कुमार, रामस्वरूप, मदनलाल, श्रीओम, प्रेम सिह, अमरीक सिंह, दीपिका रानी, मनविन्द्र कौर, रानी देवी व अन्य अध्यापक व अध्यापिकाये उपस्थित रहे।



ओढ़ा। खंड शिक्षा अधिकारी को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### बार एसोसिएशन ने वर्क सस्पेंड रखा

**फतेहाबाद।** जिला बार एसोसिएशन ने आज होडल बार के प्रधान पर हमला करने के आरोपियों को गिरफ्तार ना करने को लेकर आज अदालतों में वर्क सस्पेंड रखा। अदालतों में आज लगे मुकदमों की प्रॉक्सी कौंसल ने आगामी तारीख पेशी ली। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान प्रदीप बेनीवाल, सचिव कमलेश विशिष्ठ व वित सचिव महेन्द्र बागडिया ने बताया कि होडल बार के प्रधान पर हमला करने के आरोपियों को पुलिस ने अभी तक गिरफ्तार नहीं किया है। वकीलों की मांग है कि बार प्रधान पर हमला करने वाले आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने बताया कि आज बार एसोसिएशन में अदालतों में जरूरी कायार्ें के लिए प्रॉक्सी कौंसल की नियुक्ति की है।




### एसबीआई व नागरिक अधिकार मंच ने किया पौधारोपण

**फतेहाबाद।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया फतेहाबाद और नागरिक अधिकार मंच के संयुक्त तत्वाधान में आज पौधारोपण अभियान चलाया गया। इसी अभियान के तहत बैंक अधिकारियों व मंच के सदस्यों ने राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय फतेहाबाद के प्रांगण में सैंकड़ों पौधे रोपित किये। इस अवसर पर एसबीआई के सीनियर मैनेजर भास्कर कुमार, मैनेजर तरूण कुमार मिढ़ा,नागरिक अधिकार मंच के संयोजक राजीव सेतिया, सह संयोजक दुष्यंत शर्मा, नगर पार्षद मोहन लाल नारंग, पूर्व पार्षद शम्मी रत्ती, राजेन्द्र मलिक, प्रिंसिपल कृष्ण कुमार, प्रिंसिपल हरमिंदर सिंह, एनएसएस इंचार्ज अंजू रानी, नीतू डूडेजा, सुरेन्द्र कुमार डीपी, एनएसएस लीडर नमन रत्ती, गौरव रत्ती, रोजी रत्ती उपस्थित रहे।

## नूतन मेहता बनीं इनरव्हील क्लब सिरसा शाइन की प्रधान, रेखा गोयल उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

इन्नरव्हील क्लब सिरसा शाइन की सामान्य कार्यकारिणी की बैठक सिरसा क्लब में हुई जिसमें वर्ष 2024-25 की समयावधि के लिए नई कार्यकारिणी गठित की गई जिसमें नूतन मेहता को क्लब का प्रधान मनोनीत किया गया। क्लब की पूर्व प्रधान पूनम मोंगा ने नवनिर्वाचित प्रधान नूतन मेहता को कॉलर पहनाकर व लेपल पिन लगाकर उन्हें विधिपूर्वक सम्मान दिया। क्लब प्रधान नूतन मेहता ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए इंदु पाहवा को कोषाध्यक्ष, निशा धींगड़ा को सचिव, रेखा गोयल को उपाध्यक्ष, शशि सचदेवा को आईएसओ, डॉ. सारिका को एडिटर, उर्मिल को सहायक सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त प्रधान नूतन मेहता ने इस अवसर पर कहा कि वे अपने तमाम पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों की सहायता से सामाजिक व मानवीय सेवाओं को शीर्ष पर ले जाएंगी। नवीन कार्यकारिणी व तमाम सदस्यों ने प्रधान नूतन मेहता को अपना यथोचित सम्मान और सहयोग देने का आश्वासन दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 7988727916, 9253681005

### सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग ने चलाया अभियान

## सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग, हरियाणा की ओर से चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के तहत विभागीय व सूचीबद्ध भजन पार्टी प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर ग्रामीणों को भजन व गीतों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों के प्रति जागरूक कर कर रही हैं।

विशेष प्रचार अभियान के तहत भजन पार्टी ने गांव खाराखेड़ी, समैण, दहमन, खूनन आदि गांवों में पहुंचकर गीतों व भजनों के माध्यम से आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत कराया। डीआईपीआरओ कृष्ण कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार पहली जुलाई से आरंभ हुए इस प्रचार अभियान के तहत जिले के सभी गांवों व शहरी क्षेत्रों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ-साथ ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करने, स्वच्छता अपनाने सहित सामाजिक बुराईयों जैसे नशे से दूर रहने के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। विशेष प्रचार अभियान के दौरान भजन मंडलियां प्रदेश की विशेषताओं पर आधारित कई गीतों का निर्माण भजन पार्टियों द्वारा किया गया है जिससे प्रदेश की सांस्कृतिक खूबियों से जन-जन को वाकिफ करवाने का कार्य कर रहीं हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान प्रदेश सरकार के साढ़े चार वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर प्रदेशभर में विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है जो 31 जुलाई तक जारी रहेगा। जिले में प्रचार अभियान प्रभावी तरीके से चल रहा है व प्रचार पार्टियों की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है।



फतेहाबाद। विशेष प्रचार अभियान के तहत जिला के गांवों में सरकार की नीतियों का गुणगान करते सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की भजन मंडली कलाकार।